प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
15.10.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

मुख्य समाचार''

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सभी निगमों और बोर्डों में वेतन व पैंशन 28 अक्तूबर को जारी करने के दिए निर्देश।
- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने लाहौल घाटी की पवित्रता और स्वच्छता बनाए रखने पर दिया जोर।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा–मुख्यमंत्री की अधिकारियों पर पकड़ ढीली।
- उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने हरोली विधानसभा क्षेत्र में किए करोड़ों रूपए की योजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राज्य के सभी निगमों व बोर्डों के कर्मचारियों व पैंशनरों को इस महीने की 28 तारीख को वेतन और पैंशन जारी करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार के इस निर्णय से 50 हजार कर्मचारियों और पैंशनरों को लाभ होगा। इस बीच मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को पानी से जुड़े सभी कानूनों को जोड़कर एक अंब्रेला एक्ट बनाने के निर्देश दिए जिसके लिए एक एक्सपर्ट कमेटी का गठन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने आज शिमला में एक हाईपावर कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि उनकी सरकार राज्य के लोगों के हितों की रक्षा के लिए हरसंभव प्रयास करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य की संपदा को लुटने नहीं दिया जाएगा और अदालतों में विचारधीन मामलों की मजबूत के साथ पैरवी की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के पास सीमित संसाधन हैं जिनका सही इस्तेमाल प्रदेश के लोगों के हित में होना चाहिए।

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा है कि अटल टनल रोहतांग के बनने से जहां लाहौल घाटी में पर्यटन गतिविधियां बढ़ी है वहीं पर्यावरण का संरक्षण भी हुआ है। राज्यपाल आज अटल टनल के दौरे के मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने अटल सुरंग की एस्केप टनल का निरीक्षण भी किया। राज्यपाल ने कहा कि यूं तो सारा हिमाचल ही सुंदर है लेकिन लाहौल की खुबसूरती को शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता। हमें सिर्फ इसकी पवित्रता और स्वच्छता का ध्यान रखना है। इससे पूर्व राज्यपाल ने कुल्लू दशहरा में आरबीआई द्वारा वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए स्थापित की कियोस्क का उद्घाटन भी किया।

रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि विद्यार्थियों के शारीरिक विकास में खेल कूद गतिविधियां महत्वपूर्ण है। रोहित ठाकुर आज शिमला जिला के सरस्वती नगर में 19 वर्ष से कम आयु वर्ग की छात्राओं की खेलकूद प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने उम्मीद जताई सभी

छात्राएं इस प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करेंगी उन्होंने नशे के बढ़ते प्रभाव पर चिंता जताई और कहा कि मौजूदा समय में नशा सबसे बड़ी चुनौती बन चुका है। उन्होंने विद्यार्थियों से खेलों से जुड़ने का आह्वान किया ताकि नशे जैसी सामाजिक बुराई से बचा जा सके। इस प्रतियोगिता में जिले भर से 5 सौ 30 छात्राएं भाग ले रही है।

भाजपा

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने मुख्यमंत्री सहित प्रदेश के छोटे—बड़े नेताओं पर झूठ बोलने और प्रदेश की जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया है। बिंदल ने आज शिमला में एक ब्यान में कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू झूठ बोलने में महारत हासिल कर चुके हैं लेकिन प्रदेश की जनता भी हकीकत को जान चुकी है और वह कांग्रेस नेताओं के झूठ में नहीं आने वाली। बिंदल ने कहा कि प्रदेश की जनता अब राज्य में विकास चाहती है। उन्होंने दावा किया कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार हिमाचल के हर क्षेत्र के विकास के लिए भरपूर आर्थिक मदद उपलब्ध कर रही है।

आशीष बुटेल

मुख्य संसदीस सचिव आशीष बुटेल ने कहा है कि सरकार राज्य के किसानों को समृद्ध और सक्षम बनाने के लिए कृषि क्षेत्र को अधिक विकसित करने पर जोर दे रही है। आशीष बुटेल ने आज पालमपुर में महिला किसान दिवस पर प्रगतिशील महिला सम्मान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ये बात सुनिश्चित कर रही है कि किसानों की मेहनत का पैसा किसानों की ही जेब में जाए। इस मौके पर 16 प्रगतिशील महिला किसानों को सम्मानित भी किया।

मोबिलिटी स्टेशन

देश के आकांक्षी ज़िलो में शामिल प्रदेश के चंबा ज़िला में देश का पहला ग्रीन हाईड्रोजन आधारित मोबिलिटी स्टेशन स्थापित होगा। ये स्टेशन एनएचपीसी चमेरा चरण तीन द्वारा तैयार किया जाएगा। चंबा के उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि इस मोबिलिटी स्टेशन के लिए सोलर प्लांट लगाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है और ये स्टेशन अगले साल अगस्त तक स्थापित कर दिया जाएगा।

उपायुक्त ने कहा कि ये एक पायलट प्रोजेक्ट है और प्रदेश में ग्रीन हाईड्रोजन से चलने वाली बसों की खरीद प्रक्रिया भी एनएचपीसी ने शुरू कर दी है।

कर्मचारी

हिमाचल प्रदेश सचिवालय सेवा कर्मचारी महासंघ ने प्रदेश सरकार का कर्मचारियों को चार प्रतिशत डीए देने के लिए आभार जताया है। महासंघ के आज आयोजित जनरल हाउस को संबोधित करते हुए अध्यक्ष संजीव कुमार शर्मा ने कहा है कि अभी कर्मचारियों की एक ही मांग पूरी हुई है तथा अन्य मांगे अभी भी बरकरार है जिन पर सरकार को तुरंत फैसला लेने की जरूरत है। संजीव कुमार ने कहा कि अभी जो कुछ कर्मचारियों को मिला है वह काफी नहीं है।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अधिकारियों पर पकड़ ढीली हो गई है। यही कारण है कि अधिकारी बजट अनुमान जैसी अहम बैठकों में नहीं पहुंच रहे हैं। उन्होंने आज एक बयान में अधिकारियों पर काल्पनिक आंकड़े देने का भी आरोप लगाया। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि शिमला में प्रस्तावित दुनिया का दुसरा सबसे बड़ा रोपवे पूर्व भाजपा सरकार की देन है। उन्होंने कहा कि एक हजार पांच सौ 46 करोड़ रूपए से अधिक की ये परियोजना भाजपा की डबल इंजन की सरकार का फल है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार को इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए केंद्र की मोदी सरकार का आभारी होना चाहिए।

अग्निहोत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक बदलाव के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्कूलों की संख्या बढ़ाने के बजाय गुणवत्तायुक्त और जीवनोयोगी शिक्षा पर ध्यान केंद्रित किया गया है। मुकेश अग्निहोत्री आज ऊना में राज्य स्तरीय अंडर 19 लड़कों की खेलकूद प्रतियोगिता के शुभारंभ के मौके पर बोल रहे थे। इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर से 7 सौ 30 छात्र हिस्सा ले रहे हैं। अग्निहोत्री ने आरोप लगाया कि भाजपा नेता प्रदेश में आर्थिक संकट को लेकर अफवाहें फैला रहे हैं। उन्होंने बाद में हरोली विधानसभा क्षेत्र में दस करोड़ रूपए से अधिक की विकास योजनाओं के उद्‌घाटन और शिलान्यास भी किए।

नरेश चौहान

मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने कहा है कि पूर्व भाजपा सरकार ने अपने कार्यकाल में कर्मचारियों के हितों की अनदेखी की है। ऐसे में अब उसे वर्तमान सरकार के खिलाफ कर्मचारी मुद्दों को लेकर बोलने का कोई अधिकार नहीं है। नरेश चौहान ने आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत करते हुए नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के उस बयान को हास्यस्पद करार दिया जिसमें उन्होंने कहा है कि प्रदेश सरकार को केंद्र सरकार से मिली 15 सौ करोड़ रूपए की मदद के लिए उसका धन्यवाद करना चाहिए। नरेश चौहान ने कहा कि ये कोई विशेष आर्थिक पैकेज नहीं है बल्कि ये करों के रूप में हिमाचल का हिस्सा है जो प्रदेश को मिलना ही था। उन्होंने कहा कि इसके लिए केंद्र सरकार का आभार जताने की आवश्यकता नहीं है।

वॉर अगेंस्ट ड्रग्स

हमीरपुर ज़िला में नशीले पदार्थों के सेवन और इनकी तस्करी को रोकने तथा ड्रग माफिया पर शिकंजा कसने के लिए आज से वॉर अंगेस्ट ड्रग्स अभियान शुरू हुआ। अभियान का शुभारम्भ हमीरपुर के पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर ने किया। इस मौके पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नशे को पूरी तरह खत्म करने के लिए सिर्फ पुलिस ही नहीं ज़िला के प्रत्येक नागरिक को सहयोग करना होगा। भगत सिंह ठाकुर ने कहा कि इस अभियान को सुनियोजित ढंग से चलाया जाएगा और ज़िले की हर पंचायत के हर वार्ड तक इसे पहुंचाया जाएगा। इस कार्यशाला में ज़िले की 66 पंचायतों और नगर परिषद हमीरपुर के जनप्रतिनिधियों स्कूली बच्चों, बुद्धिजिवियों और अन्य लोगों ने हिस्सा लेकर नशे के उन्मूलन का संकल्प लिया।

संचार सेवा

चंबा जिला के जनजातीय क्षेत्र पांगी घाटी की शौर पंचायत में बीते दो सप्ताह से मोबाईल सेवा बंद है। पंचायत उप–प्रधान निहाल सिंह भारद्वाज ने आकाशवाणी को बताया की मोबाईल सेवा ठप्प होने से इस पंचायत के लोगों का शेष दुनिया से संचार संपर्क कट गया है जिस कारण लोगों को भारी दिक्कतें आ रही है। उन्होंने स्थानीय प्रशासन व प्रदेश सरकार से पंचायत में मोबाईल फोन सेवा तुरंत बहाल करने की मांग की है।

मुख्य समाचार एक बार फिर'

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सभी निगमों और बोर्डों में वेतन व पैंशन 28 अक्तूबर को जारी करने के दिए निर्देश।
- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने लाहौल घाटी की पवित्रता और स्वच्छता बनाए रखने पर दिया जोर।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा–मुख्यमंत्री की अधिकारियों पर पकड़ ढीली।
- उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने हरोली विधानसभा क्षेत्र में किए करोड़ों रूपए की योजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास।

————————————